आज का मौसम
अधिकतम 41° C
न्यूनतम 31° C
सूर्य अस्त (आज) 7:24
सूर्य उदय (कल) 5:25

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

अनमोल वचन

"मन की मानना बंद करो"
एक मिनट की गलत क्रिया,
कई वर्ष के लिए जेल पहुँचा देती है।
जेल पहुँचा कर मन ज्ञान देगा की,
ऐसा ना करते तो बच जाते।
मन की चाल समझो,
ये हर जगह आपको फसा रहा है!

वर्ष : 13 अंक : 280 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8
रविवार
28 जून 2026
RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## पीएम मोदी ने सेशेल्स को भारत का महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी और 'विजन महासागर' का प्रमुख साझेदार बताया




नई दिल्ली(एजेंसी) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स को भारत का महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी और विजन महासागर तथा ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमुख साझेदार बताया है।


तीन दिन की सेशेल्स यात्रा पर रवाना होने से पहले जारी अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते आपसी विश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों, विविधता के सम्मान और मजबूत जन संबंधों पर आधारित हैं।

श्री मोदी ने कहा कि वह सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने तथा हिंद महासागर क्षेत्र की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। उन्होंने इसे दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं का प्रतीक बताया।

यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री वहां के भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह यात्रा भारत–सेशेल्स संबंधों को नई मजबूती देगी, हिंद महासागर में समुद्री सहयोग बढ़ाएगी और सुरक्षित, शांतिपूर्ण तथा समृद्ध क्षेत्र के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाएगी।

## महाराष्ट्र टीईटी प्रश्नपत्र लीक की साजिश का भिवंडी में भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



महाराष्ट्र(एजेंसी)। महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा–टी.ई.टी से संबंधित प्रश्नपत्र लीक की बडी साजिश का भिवंडी में निर्धारित परीक्षा से एक दिन पहले ही पर्दाफाश कर दिया गया। प्रश्नपत्र लीक रैकेट के तीन कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी टी.ई.टी के प्रश्नपत्र दिल्ली से लाए थे और कथित तौर पर उन्हें लगभग डेढ करोड़ रुपये में बेचने की तैयारी कर रहे थे।

सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर तीनों आरोपियों को सौदा होने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों की पहचान बिहार के राजीव साव और आकाश कुमार तथा हरियाणा के धीरज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने मोबाइल फोन, नकदी और अगले दिन होने वाली परीक्षा के लिए टी ई टी प्रश्नपत्रों के चार सेट बरामद किए हैं।

महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद के अधिकारियों ने जब्त किए गए प्रश्नपत्रों की जांच की और पुष्टि की कि वे मूल प्रश्नपत्रों से मेल खाते हैं। सत्यापन के बाद भिवंडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। जांच जारी है।

जांचकर्ता भिवंडी में आरोपी के स्थानीय संपर्कों, कथित पेपर लीक रैकेट के पीछे के बड़े नेटवर्क, शिक्षण संस्थानों या बिचौलियों की संभावित संलिप्तता और मुख्य षड़यंत्रकारी की पहचान की जांच कर रहे हैं। पुलिस कथित डेढ करोड़ रुपये के सौदे से जुड़े वित्तीय लेन–देन की भी जांच कर रही है। इस घटना के बाद, महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद ने रविवार को होने वाली टी.ई.टी. परीक्षा स्थगित कर दी। परीक्षा की नई तारीख बाद में घोषित की जाएगी। इस घटनाक्रम से महाराष्ट्र के लाखों अभ्यर्थी चिंतित हैं।

## संक्षिप्त न्यूज

### भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शनी 'लोकायन–26' अभियान के तहत बाल्टीमोर पहुंचा



नई दिल्ली । भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शनी 'लोकायन–26' अभियान के तहत अमरीका के मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर बंदरगाह पहुंच गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना और भारत तथा अमरीका की नौसेनाओं के बीच सहयोग को मजबूत करना है। पोत अपने प्रवास के दौरान समुद्री सहयोग और सामुदायिक संपर्क से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेगा। इससे पहले आईएनएस सुदर्शनी ने वर्जीनिया के नॉरफॉक में आयोजित सेल–250 समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, कोच्चि से शुरू हुई इस यात्रा में आईएनएस सुदर्शनी अब–तक 13 हजार से अधिक समुद्री मील की दूरी तय कर चुका है।

### केरल में केईएएम 2026 की रैंक सूची जारी




केरल(एजेंसी)। केरलम में प्रवेश परीक्षा आयुक्त ने शनिवार को इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर और मेडिकल–केईएएम परीक्षा की रैंक सूची जारी कर दी है। इंजीनियरिंग श्रेणी में कुल 79,717 उम्मीदवारों को शामिल किया गया है, जबकि फार्मेसी श्रेणी में 26,943 उम्मीदवारों को स्थान मिला है। इंजीनियरिंग श्रेणी में रोशन राजू ने राज्य में पहला और ध्यान तेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। फार्मेसी श्रेणी में विनायक नारायण पहले और जेस्साए जेस्टिन दूसरे स्थान पर रहे। उम्मीदवार अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट बमम.ाोंतंसं.हवअ. पद से डाउनलोड कर सकते हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## भूकंप प्रभावित वेनेजुएला की मदद के लिए भारत ने शुरू किया 'ऑपरेशन अमिस्ताद'



वेनेजुएला (एजेंसी)। भारत ने वेनेजुएला में भीषण भूकंप के बाद ऑपरेशन अमिस्ताद शुरू किया है। ऑपरेशन अमिस्ताद वेनेजुएला के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए मानवीय सहायता और आपदा राहत मिशन है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इसके तहत कल भारतीय वायुसेना के दो विमानों से राहत सामग्री और 41 सदस्यों का बचाव दल भेजा गया है।

राहत सामग्री में चिकित्सा कर्मी, भारतीय सेना की फील्ड हॉस्पिटल यूनिट, चिकित्सा उपकरण, दवाइयां और अन्य जरूरी सामान भेजे गये हैं। 41 सदस्यीय बचाव दल में मेडिकल पेशेवरों के साथ अनुभवी बचावकर्मी शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत संकट की इस घड़ी में वेनेजुएला की सरकार और लोगों के साथ एकजुट है। भारत ने भूकंप में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उसने वेनेजुएला सरकार के निकट समन्वय में रहने और आगे भी सहायता उपलब्ध कराने की तत्परता व्यक्त की है।

## विश्व बैंक ने बांग्लादेश के लिए 1.10 अरब डॉलर की आपातकालीन वित्तीय सहायता मंजूर की




बांग्लादेश (एजेंसी)। विश्व बैंक ने बांग्लादेश के लिए एक अरब 10 करोड डॉलर की आपातकालीन वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है। ईंधन और उर्वरक की बढ़ती कीमतों, सीमित राजकोषीय संसाधनों और खाद्य सुरक्षा की बढ़ती चिंताओं के कारण देश पर आर्थिक दबाव बढ रहा है। इस पैकेज में उर्वरक आयात और चावल उत्पादन को समर्थन देने के लिए 30 करोड़ डॉलर शामिल हैं। नकद सहायता, आजीविका सहायता और आवश्यक ऊर्जा आपूर्ति सहित आपातकालीन व्यय के लिए 71 करोड 30 लाख डॉलर आवंटित किए गए हैं। यह मंजूरी ऐसे समय में दी गई है जब बांग्लादेश लगातार मुद्रास्फीति, विदेशी सहायता में कमी, बढ़ते ऋण भुगतान और कमजोर औद्योगिक गतिविधियों से जूझ रहा है। आलोचकों का कहना है कि इतनी बड़ी आपातकालीन सहायता की आवश्यकता देश की अर्थव्यवस्था की बाहरी झटकों और घरेलू नीतिगत चुनौतियों के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता को उजागर करती है। विश्व बैंक ने कहा कि सीमित राजकोषीय संसाधनों के साथ–साथ खाद्य, ईंधन और उर्वरक की बढ़ती कीमतों ने छोटे किसानों और कमजोर परिवारों को बुरी तरह प्रभावित किया है। बांग्लादेश अपनी उर्वरक आवश्यकताओं का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। इससे देश वैश्विक मूल्य अस्थिरता के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो जाता है। सरकार ने इस सहायता का स्वागत किया है। विश्लेषकों का कहना है कि बाहरी आपातकालीन वित्तपोषण पर बढ़ती निर्भरता आर्थिक लचीलेपन, राजकोषीय प्रबंधन और आवर्ती संकटों से निपटने के लिए विदेशी ऋणदाताओं पर देश की बढ़ती निर्भरता से संबंधित व्यापक प्रश्न खड़े करती है।

## भारत ने परमाणु रिएक्टर से उत्पन्न ऊष्मा का उपयोग करने वाला विश्व का पहला हाइड्रोजन उत्पादन केंद्र विकसित किया



नई दिल्ली(एजेंसी)। परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव अजीत कुमार मोहंती ने तमिलनाडु के कल्पक्कम स्थित इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केन्द्र में विश्व के पहले हाइड्रोजन उत्पादन केंद्र का उद्घाटन किया। यह संयंत्र फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर से प्राप्त परमाणु उष्मा से कॉपर क्लोरीन ताप–रसायनिक प्रक्रिया से संचालित है। डॉ. मोहंती ने कहा कि हाइड्रोजन जैसी उभरती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के साथ परमाणु ऊर्जा का एकीकरण सतत ऊर्जा भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा कार्बन मुक्त और विश्वसनीय विद्युत उपलब्ध कराने की क्षमता रखती है। यह बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन उत्पादन के लिए उपयुक्त है। यह उपलब्धि उन्नत परमाणु प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों में भारत की बढ़ती क्षमता दर्शाती है। यह हाइड्रोजन उत्पादन केंद्र भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हैदराबाद में 'डॉनल्ड ट्रंप एवेन्यू' के नामकरण पर भारत का आभार जताया




अमरीका(एजेंसी)। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने तेलंगाना के हैदराबाद में अपने नाम पर सड़क का नामकरण करने के लिए भारत का आभार व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में डॉनल्ड ट्रंप एवेन्यू के नामकरण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वे अमरीका के पहले ऐसे राष्ट्रपति बन गए हैं जिनके सम्मान में भारत में सडक का नाम रखा गया है।

इससे पहले, बुधवार को तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लु ने हैदराबाद में अमरीकी वाणिज्य दूतावास के निकट सड़क का नाम बदलकर आधिकारिक तौर पर डॉनल्ड ट्रंप एवेन्यू करने वाली पट्टिका का अनावरण किया। यह सड़क अमरीका की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नामित की गई है। हैदराबाद स्थित अमरीकी वाणिज्य दूतावास ने भी इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे दोनों देशों के बीच लगातार मजबूत होती साझेदारी का प्रमाण बताया।

# होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले के जवाब में अमरीका ने ईरान पर सैन्य कार्रवाई की



अमरीका(एजेंसी)। अमरीका ने होर्मुज जलडमरूमध्यम में मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमले के जवाब में कल ईरान पर फिर हमले किये। अमरीकी केन्द्रीय कमान ने बताया कि ईरान पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किये गये और उसके तटवर्ती राडार प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। इससे पहले राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत में कहा था कि संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन होने पर, इसके गंभीर परिणामों का पता चलेगा।

इस बीच, ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने खबर दी है कि अमरीका के हवाई हमलों के जवाब में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने अमरीकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ईरानी सेना के प्रवक्ता इब्राहिम अल–फिकार ने कहा था इस बार अमरीकी हमले पर ईरान की प्रतिक्रिया तेज और निर्णायक होगी। सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में उन्होंने कहा था कि ईरान माकूल जवाब के लिये सही समय और स्थान का चुनाव करेगा।

ब्रिटिश सेना ने बृहस्पतिवार को ओमान के निकट समुद्र में कार्गो शिप को निशाना बनाये जाने की बात कही थी। इससे कुछ घंटे पहले ही ईरान ने इस मार्ग के इस्तेमाल के खिलाफ धमकी दी थी।

अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फंसे जहाजों को निकालने का काम रोक दिया गया है और यह तब तक फिर शुरू नहीं होगा, जब तक जहाजों के सुरक्षित निकलने की गारंटी नहीं मिलती।

# हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. मंगलसेन की भव्य प्रतिमा का विधिवत प्रतिस्थापन और अनावरण किया।





जीत समाचार हरियाणा। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने आज यहां डॉ. मंगलसेन सभागार परिसर में हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. मंगलसेन की भव्य प्रतिमा का विधिवत प्रतिस्थापन और अनावरण किया।

इस मौके पर उपयुक्त ड आनंद कुमार शर्मा, एसपी नरेंद्र बिजरानिया, सीईओ जिला परिषद अमित कुमार, राज्यसभा सदस्य संजय भाटिया, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के योगेंद्र राणा, नीलोखेड़ी के भगवान दास कबीरपंथी, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, मेयर रेणु बाला गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता बृज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के तहत पल्स पोलियो अभियान शुरू किया जाएगा।

जीत समाचार हरियाणा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा के निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि 28 जून से प्रदेशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के तहत पल्स पोलियो अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 36 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान के पहले दिन (28 जून) 17,331 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जबकि 29 और 30 जून को 34,000 से अधिक टीमें घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। डॉ. वीरेंद्र यादव ने अभिभावकों से अपील की कि वे 28 जून को अपने बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं तथा घर–घर पहुंचने वाली स्वास्थ्य टीमों का सहयोग करें, ताकि हरियाणा को पोलियो मुक्त बनाए रखने के इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाया जा सके।



दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com रविवार, 28 जून 2026

## सम्पादकीय

## संपादकीय: संपादक की कलम से

### शिक्षा प्रणाली:
### डिग्री की दौड़ से कौशल के सफर तक

भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, लेकिन बेरोजगारी का दर्द भी इसी युवा वर्ग को झेलना पड़ रहा है। इसका कारण है हमारी पुरानी शिक्षा प्रणाली, जो कौशल से अधिक 'रटने' और 'डिग्री हासिल करने' पर जोर देती है।

विश्लेषण: इंडस्ट्री को ऐसे युवाओं की जरूरत है जो जटिल समस्याओं को हल कर सकें, न कि केवल किताबी ज्ञान रखने वालों की। आज की कंपनियां 'सॉफ्ट स्किल्स', तकनीकी दक्षता और 'प्रॉब्लम सॉल्विंग' कौशल को डिग्री से ऊपर मानती हैं। किताबी शिक्षा और व्यावहारिक कौशल के बीच का अंतर  आज की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती है।

निष्कर्ष :  शिक्षा को अब 'रोजगार–उन्मुख' बनाने का समय है। वोकेशनल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और क्रिटिकल थिंकिंग को पाठ्यक्रम के केंद्र में लाना होगा। जब तक शिक्षा का लक्ष्य सिर्फ परीक्षा पास करना रहेगा, तब तक हम एक कुशल कार्यबल तैयार नहीं कर पाएंगे।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'

दिनांक : 28 जून 2026, रविवार

## आज का राशिफल

## आज का पंचांग

तिथि : चतुर्दशी 03:09 नक्षत्र : ज्येष्ठा 01:10
करण : गर 01:58 वणिज : 03:09
पक्ष :शुक्ल योग : शुभ 01:29
सूर्योदय : 05:25 सूर्यास्त :07:22
चन्द्रमा : वृश्चिक राशि 01:10
राहुकाल : 05:38 – 07:22
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:56 – 12:52

### मेष राशि
आवास निवास की समस्या का समाधान होगा। परिणय प्रयास सफल रहेंगे। परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

### वृषभ राशि
नौकरी में उन्नति के योग बन रहे है। समझ और संभल कर कार्य करें, सफल रहेंगे। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी।

### मिथुन राशि
आपकी कार्य पद्धति से अधिकारी खुश होंगे। संतान के कार्यों से तनाव, चिंता बढ़ सकती है। अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### कर्क राशि
जो भी करें बहुत होशियारी और समझदारी से करें। कई लोगों की नजर आप पर हैं। बकाया वसूली होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### सिंह राशि
अध्ययन में रुचि न होने से परिवारजनों से अनबन हो सकती है। अचानक हानि संभव है। नई व्यावसायिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

### कन्या राशि
परिजनों के साथ तीर्थस्थल पर जा सकते हैं। बाहरीजनों से सहयोग मिलेगा। मन इच्छित कार्यसिद्धि होगी। भवन निवेश शुभ रहेगा।

### तुला राशि
आपके व्यवहार के कारण लोग आप की तारीफ करेंगे। वाहन–मशीनरी, अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तु गुम हो सकती है

### वृश्चिक राशि
किसी की बुरी संगत के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शासन प्रशासन से सहयोग मिलेगा।

### धनु राशि
निवेश करने में जल्दबाजी न करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। व्यवसायिक उन्नति होगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा

### मकर राशि
घर के कामकाज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक–पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे। निवेशादि शुभ रहेगा

### कुम्भ राशि
घर के कामकाज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक–पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे।

### मीन राशि
आकस्मिक धनलाभ होगा। आत्मसम्मान बढ़ेगा। संतान पक्ष की चिंता स्वास्थ्य खराब कर सकती है। विरोधी शांत रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# नशा मुक्त पंजाब की ओर बड़ा कदम: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुरू की 'सूरमा' मुहिम

## नशा छोड़ चुके युवाओं को किया सम्मानित, कहा— "यही बनेंगे पंजाब के रोल मॉडल"





**लुधियाना, 27 जून 2026। जीत समाचार ब्यूरो**

पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को 'सूरमा' मुहिम की शुरूआत की। इस अवसर पर दो वर्ष से अधिक समय से नशा मुक्त जीवन जी रहे युवाओं को विशेष रूप से तैयार की गई 'सूरमा' रिंग और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मुहिम केवल सम्मान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य नशे से बाहर निकल चुके युवाओं को समाज में 'एम्बेसडर ऑफ रिकवरी' के रूप में स्थापित करना है। ये युवा अब अन्य लोगों को नशे से बाहर निकलने के लिए प्रेरित करेंगे और राज्य सरकार उन्हें रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि "नशा एक बीमारी है, अपराध नहीं। इसका इलाज और पुनर्वास ही सबसे प्रभावी समाधान है।" उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आधुनिक सुविधाओं से लैस नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र विकसित कर रही है, जहां उपचार के साथ-साथ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री के प्रमुख वक्तव्य

- नशे के खिलाफ लड़ाई में खेल सबसे प्रभावी हथियार हैं।
- 15 जुलाई तक पूरे पंजाब में 3,100 गांवों के खेल मैदान और 3,000 जिम तैयार कर दिए जाएंगे।
- पिछली सरकारों की गलत नीतियों और नशा तस्करी ने पंजाब के युवाओं को भारी नुकसान पहुंचाया।
- वर्तमान सरकार नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ इलाज, पुनर्वास और जागरूकता पर भी समान रूप से काम कर रही है।
- पंजाब सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और सड़क सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भी लगातार सुधार कर रही है।
- सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना और सड़क सुरक्षा फोर्स जैसी पहल लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।
- नशे पर जीत हासिल करने वाले युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं। 'सूरमा' मुहिम का उद्देश्य पूरे पंजाब में नशा मुक्त समाज के लिए जन आंदोलन खड़ा करना है।

### मुख्य घोषणाएं

- 'सूरमा' मुहिम की शुरुआत।
- नशा मुक्त युवाओं को रिंग और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।
- स्वस्थ हो चुके युवा बनेंगे समाज के रोल मॉडल।
- 15 जुलाई तक 3,100 खेल मैदान और 3,000 जिम तैयार होंगे।
- नशा मुक्त युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।
- नशा मुक्त पंजाब बनाने के संकल्प को दोहराया गया।

**मुख्यमंत्री ने घोषणा की: जो व्यक्ति कम से कम दो वर्षों से नशा मुक्त हैं, वे व्हाट्सएप नंबर 97791-42200 पर "Soorma" लिखकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं और इस अभियान से जुड़ सकते हैं।**

**कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।**

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# आत्म नगर को मिली ₹39.11 लाख की नई सड़क की सौगात

## मठाडू चौक से रॉयल विला तक बनेगी गुरमत ज्ञान मिशनरी कॉलेज रोड, विधायक कुलवंत सिंह सिंद्धू ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

**लुधियाना, 27 जून 2026 | यादविंदर**




आत्म नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक कुलवंत सिंह सिंद्धू ने शनिवार को मठाडू चौक से रॉयल विला कॉलोनी के पिछले गेट तक जाने वाली मुख्य सड़क, जिसे गुरमत ज्ञान मिशनरी कॉलेज रोड के नाम से भी जाना जाता है, के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

करीब ₹39.11 लाख की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा और आसपास के हजारों लोगों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### "संतुलित विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता" — विधायक कुलवंत सिंह सिंद्धू

शुभारंभ अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह सिंद्धू ने कहा कि पंजाब सरकार मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का समान और संतुलित विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

उन्होंने कहा, "इस सड़क के निर्माण से लोगों को मजबूत, चौड़ी और सुरक्षित सड़क मिलेगी। इससे ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। पंजाब सरकार लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।"

### हजारों लोगों को मिलेगा सीधा लाभ

सड़क निर्माण पूरा होने के बाद रॉयल विला कॉलोनी, पंजाबी बाग, गुरमत ज्ञान मिशनरी कॉलेज तथा आसपास के कई रिहायशी क्षेत्रों के हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और बुजुर्गों के लिए आवागमन अधिक सुगम होगा। साथ ही ट्रैफिक जाम और सड़क हादसों की आशंका में भी कमी आने की उम्मीद है।

### स्थानीय लोगों ने जताया आभार

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोगों ने विधायक कुलवंत सिंह सिंद्धू और पंजाब सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी क्षेत्र में इसी तरह विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

**मुख्य घोषणाएं**

- मठाडू चौक से रॉयल विला कॉलोनी के पिछले गेट तक बनेगी नई सड़क
- सड़क की कुल लागत ₹39.11 लाख
- ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी, कनेक्टिविटी होगी मजबूत
- हजारों लोगों को मिलेगा सीधा लाभ

**पंजाब सरकार का संकल्प — बेहतर सड़कें, बेहतर भविष्य**

# स्पीति की बेटी तंजिन नॉरडन ने रचा इतिहास 5,970 मीटर ऊँची कनिमो पीक पर फहराया परचम



जीत समाचार स्पीति(ब्यूरों)। स्पीति घाटी की बेटी तंजिन नॉरडन ने 5,970 मीटर ऊँची कनिमो पीक पर तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया है। वे ऐसा करने वाली स्पीति घाटी की पहली महिला पर्वतारोही बन गई हैं।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने तंजिन नॉरडन को इस बड़ी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तंजिन की यह ऐतिहासिक सफलता पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और राज्य की सभी बेटियों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत है।

# लोक निर्माण मंत्री कोटली में करेंगे विकास कार्यों के लोकार्पण



जीत समाचार मंडी। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह मंडी जिला के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं।

प्रवास कार्यक्रम के अनुसार लोक निर्माण मंत्री 28 जून, 2026 को दोपहर बाद 12.30 बजे सदर विधानसभा क्षेत्र के कोटली में पहुंचेंगे। इस अवसर पर वे कून का तर में ब्यास नदी पर बने बेली ब्रिज (पुल) तथा जबलाही नाला से बरनोटा–कड़कोह सड़क का लोकार्पण करेंगे। साथ ही एनएच–70 से सताहन सड़क के मेटलिंग टारिंग कार्य का शुभारंभ करेंगे।


इस प्रवास के दौरान विक्रमादित्य सिंह जनसमस्याओं का निराकरण भी करेंगे। सायंकाल को वे शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।







## प्रख्यात पुराणवक्ता प्रो. केशव शर्मा के निधन पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने जताया गहरा शोक



जीत समाचार शिमला। ठियोग के निवासी, प्रख्यात पुराणवक्ता एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर केशव शर्मा के निधन पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रो. शर्मा के निधन की खबर से समूचा विद्वत समाज शोकाकुल है। उन्होंने डॉ. शर्मा को याद करते हुए कहा कि वे शास्त्रों के गहन ज्ञाता, सरल स्वभाव के धनी और सात्विक जीवन जीने वाले महापुरुष थे। उनके जाने से अध्यात्म जगत को अपूरणीय क्षति हुई है, क्योंकि वे आध्यात्मिक ज्ञान के प्रसार के लिए सदैव समर्पित रहे।

मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक–संतप्त परिजनों व शुभचिंतकों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की शक्ति दें।

## नघूं की महिलाओं ने सीखा मोमबत्ती उत्पादन



जीत समाचार नादौन । पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर द्वारा नादौन उपमंडल के गांव नघूं में आयोजित 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में लगभग 34 महिलाओं ने अगरबत्ती एवं अन्य उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने कहा कि संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अपना उद्यम या कारोबार आरंभ कर सकती हैं। इसके लिए विभिन्न बैंकों से ऋण प्राप्त करने में आरसेटी भी महिलाओं की मदद कर सकता है। उन्होंने महिलाओं से विभिन्न विभागों और बैंकों की ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर के मूल्यांकनकर्ता कमल प्रकाश और मुकेश कुमार, ट्रेनर नीलम राणा, आरसेटी के फैकल्टी मैंबर संजय हरनोट और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# चढ़ियार गैस सर्विसः इन क्षेत्रों में होगी गैस सिलेंडर की डिलीवरी



जीत समाचार चढ़ियार(रवि कुमार)। चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए रविवार, 28 जून 2026 को विशेष वितरण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। कंपनी के अनुसार, कल निर्धारित क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी।

इन क्षेत्रों में होगी आपूर्ति ।

कल महाकाल लिंक रोड, मनन स्कूल, लाहड, बंदिया, नगेहर, खलेनू, अरला, लाहला, रामनगर, कृष्णानगर, मलेहर, कुदेल, मढ़, चनियारा, चौबिन, राजल, ददिन, बछल, पट, बिहॉट, पीड़, दुहक तथा कुनि क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ता चढ़ियार गैस सर्विस के मुख्य कार्यालय पर जाकर भी अपना सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।

शिकायत एवं सुझाव।

यदि किसी उपभोक्ता को गैस वितरण से संबंधित कोई समस्या हो या कोई सुझाव देना हो, तो वे कार्यालय के समय (प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक) के बीच निम्नलिखित दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।
संपर्क सूत्र– 01894–257444, 01894–257666

# उषा देवी बर्नी पंचायत समिति पालमपुर की अध्यक्ष, बिन्दु देवी उपाध्यक्ष निर्वाचित



जीत समाचार पालमपुर। पंचायत समिति पालमपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। निर्वाचन के उपरांत आधिकारिक रूप से घोषित परिणामों के अनुसार उषा देवी पंचायत समिति पालमपुर की अध्यक्ष तथा बिन्दु देवी उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित की गईं।

निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। इसके उपरांत एसडीएम पालमपुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओ.पी. यादव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष उषा देवी तथा उपाध्यक्ष बिन्दु देवी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर डॉ. ओ.पी. यादव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में पंचायत समिति क्षेत्र के विकास कार्यों तथा जनहित से जुड़े कार्यों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने की जिला खेल परिषद की बैठक की अध्यक्षता

जीत समाचार मंडी(ब्यूरों)। जिला खेल परिषद मंडी की बैठक शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के वीसी कक्ष में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने की। बैठक में जिला में खेल अधोसंरचना के विकास पर चर्चा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि मंडी के युवाओं ने खेलों के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिला खेल परिषद कृतसंकल्प है।

आज की बैठक में वर्ष 2025–26 के आय–व्यय का अनुमोदन किया गया तथा वर्ष 2026–27 के अनुमानित आय–व्यय पर भी चर्चा की गई।




जिला खेल परिषद के सचिव एवं जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी (प्रभारी) विक्रम सिंह ने 12 सूत्रीय एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार, परिषद के गैर सरकारी सदस्य अनिल सेन, हेमंतराज वैद्य, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार यादव सहित परिषद के अन्य सरकारी व गैर–सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत टम्बर में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## विकास और जनसेवा का लिया संकल्प

जीत समाचार जयसिंहपुर /टम्बर (अभिषेक)। ग्राम पंचायत टम्बर में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमापूर्ण एवं उत्साहजनक वातावरण में संपन्न हुआ। इस समारोह में पंचायत के विकास और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

विकास कार्यों को मिलेगी नई गति

समारोह की अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत टम्बर की प्रधान रीना देवी और उपप्रधान दलेर चन्द ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पंचायत के सभी नवनिर्वाचित वार्ड पंचों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण के उपरांत, पंचायत प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि वे टम्बर के चहुंमुखी विकास, पारदर्शिता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।



जनता के प्रति जवाबदेही का संकल्प

नवगठित पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीण जनता का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि उनके नेतृत्व में पंचायत में सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने के साथ–साथ बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान देना है।

इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण और पंचायत के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके नए कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

